राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांक : प.14(10)RSMSSB / अर्थना / म.बा.वि.(अनु.क्षेत्र) / 2015 / पार्ट–II / 269 दिनांक : 27.06.2016

: : **कार्यालय आदेश** : :

महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत समेकित बाल विकास सेवाऐं के लिए राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 एवं राजस्थान महिला एवं बाल विकास (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–1998 के अन्तर्गत पर्यवेक्षक (अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2015 की परीक्षा दिनांक 20.12.2015 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 06.01.2015 को जारी किया गया था। परीक्षा में अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच हेतु दिनांक 21.01.2016 से 22.01.2016 को निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाऐं, महिला एवं बाल विकास विभाग, 2, जल पथ, गांधी नगर, जयपुर पर उपस्थित होने हेतु बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया था। महिला बाल विकास विभाग ने पर्यवेक्षक (अनुसूचित क्षेत्र) के पद पर अस्थाई रुप से चयनित अभ्यर्थियो की पात्रता की जांच कर सूची बोर्ड को भिजवाई गई है। उक्त रिपोर्ट में 01 अभ्यर्थी सुश्री प्रियंका प्रजापत रो.नं. 409741 को अनुपस्थित होना बताया है। बोर्ड द्वारा अनुपस्थित रहे इस अभ्यर्थी को अन्तिम अवसर प्रदान कर पात्रता की जांच हेतु दिनांक 30.03.2016 को निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाऐं, महिला एवं बाल विकास विभाग पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। विभाग द्वारा भिजवाई गई रिपोर्ट दिनांक 27.04.2016 द्वारा 01 अभ्यर्थी सुश्री प्रियंका प्रजापत रो.नं. 409741 अन्तिम अवसर दिए जाने के उपरान्त भी अनुपस्थित रही है। अतः **सुश्री प्रियंका प्रजापत रो.नं. 409741 का पर्यवेक्षक (अनुसूचित क्षेत्र) के पद पर किया गया अस्थाई चयन निरस्त किया जाता है।**

(आर0 के0 मीना)
अध्यक्ष